## एक नजर में

### वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ने गरबा रास उल्लास का भव्य आयोजन किया



**झाबुआ।** वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई झाबुआ द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष में गरबा रास उल्लास का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें इकाई की समस्त मातृ शक्तियों ने मां शैलपुत्री की 51 दीपकों से आरती की और माता रानी की आराधना की। माता के आगमन के उपलक्ष में सभी बहनों ने हर्षोल्लास के साथ गरबा नृत्य किया। कई तरह की धार्मिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। लक्की ड्रा भी खोले गए। आयोजन में सभी बहनों ने पारंपरिक परिधानों को महत्व दिया। आयोजन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक चला। जिसमें मुख्य आकर्षण सेल्फी कॉर्नर एवं कई तरह के प्रॉप्स का समावेश किया गया। साथ ही कई तरह के फरियाली व्यंजनों का सभी बहनों ने लुत्फउठाया। आयोजन शहर के मध्य स्थित शांति निकेतन गार्डन में हुआ। कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन जिलाध्यक्ष सुनीता बाबेलए जिला प्रभारी अंजू सोनी एवं विजया एन बजाजए जिला सचिव आशा कटारियाए नगर अध्यक्ष ऋतु सोडाणीए नगर उपाध्यक्ष डॉण् शैलू बाबेलए नगर सचिव मीना सोनीए नगर कोषाध्यक्ष अर्चना माहेश्वरीए ज्योति पोरवालए नीता सोनीए विधि धारीवालए लाली सोनीए प्रतिज्ञा अरोराए रेखा माहेश्वरीए ण्श्यामल अरोराए निशी जखेटियाए परी गादियाए कल्पना सकलेचाए वर्षा सोनीए सोनल बाबेलए उषा बाबेलए ज्योति रांकाए नीता मेहताए हंसा कोठारीए संध्या माहेश्वरीए वीणा बांगड़ए दीपा सोनीए मेघा बांगड़ए बरखा सोनीए नेहा संघवीए रीना बांगड़ए रिया अजमेराए संगीता जाखेटियाए श्रुति सकलेचाए किरण अजमेरा आदि उपस्थित थी। इस दौरान छोटी .छोटी कन्याओं ने भी माता रानी के गरबा आयोजन में सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल संचालन ऋतु सोडानी ने किया एवं आभार डॉण् शैलू बाबेल ने माना।

### पेटलावद में राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा रेत खनिज का अवैध परिवहन करते एक वाहन जब्त

**पेटलावद।** कलेक्टर के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी ;राजस्वद्ध पेटलावद, तहसीलदार तहसील पेटलावदए नायब तहसीलदार पेटलावद एवं खनिज अधिकारी जुवानसिंह भिडे एवं प्रभारी खनिज निरीक्षक ;सर्वेयरद्ध आलिशा रावत एवं खनिज अमले द्वारा खनिज ;अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारणद्ध नियम 2022 के अंतर्गत अवैध उत्खननए परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए 25 सितम्बर 2025 को पेटलावद में 01 डम्पर क्रमांक डच्69ब्9927 को रेत खनिज का अवैध परिवहन करते जप्त किया गया।वाहन मालिक पर मण्प्रण् खनिज ;अवैध उत्खननए परिवहन तथा भण्डारण का निवारणद्ध नियम 2022 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध कर निराकरण हेतु अपर कलेक्टर न्यायलय झाबुआ में प्रेषित किया जाएगा। राजस्व विभाग एवं खनिज अमले द्वारा जिले में सतत निगरानी भ्रमण कर अवैध उत्खननए परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

### नगरपालिका परिषद् ने चलाया सफाई अभियान



**झाबुआ।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगरपालिका परिषद् ने शहर के बहादुर सागर तालाब ;बड़ा तालाबद्ध के नसिया भवन के समीप स्थित घाट पर 25 सितंबरए गुरूवार सुबह सफाई अभियान चलाया। जिसमें पूरे घाट की सफाई कर आसपास पौधारोपण भी किया गया। अभियान में विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरियाए जिला महामंत्री एवं पार्षद विजय चौहानए नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेष बिट्टू सिंगारए उपाध्यक्ष लाखनसिंह सोलंकीए नपा सीएमओ मिलन पटेल के साथ पार्षद श्रीमती रेखा शर्माए नपा के लेखापाल शैलेन्द्र सोलंकीए स्वच्छता प्रभारी टोनी मलियाए प्रेमसिंह वसुनियाए रूपसिंह आदिवासी सहित नगरपालिका का स्वच्छता अमला उपस्थित रहा। घाट किनारे पसरे कूड़े .कचरे को साफट्रेक्टर से अन्यत्र स्थान पर फिंकवाया गया। एक दिनए एक घंटाए एक साथ सफाई श्रमदान अंतर्गत नपा परिषद् ने यह श्रमदान अभियान संचालित किया। सफाई अभियान बाद घाट के आसपास के हिस्से में पौधारोपण भी किया गया। नगरपालिका परिषद् द्वारा विगत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है।

### हाईवे पर लूट डकैती करने वाले गिरोह का पर्दाफाश



**झाबुआ.** 30 अगस्त को रात्रि 12रू50 बजे ग्राम पाचकानाका, इंदौर-अहमदाबाद हाईवे पर अज्ञात बदमाशों ने रोड पर रापी लगाकर कार का टायर पंचर कर दियाए और वाहन रुकते ही फरियादी व उसके भाई से मारपीट कर एक सोने की अंगूठी, एक टूटी हुई सोने की चेन, ?12ए000 नकदए तथा आधार कार्ड लूटकर फरार हो गए। इस पर थाना कोतवाली झाबुआ में अपराध क्रमांक 673द्2025, धारा 309; के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। टीम गठन व कार्रवाई का विवरण - उक्त लूट के अलावा इंदौर .अहमदाबाद हाईवे पर हुई लूट एवं डकैती की अन्य घटनाओं के मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक झाबुआ द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया। जिस पर से इन टीमों द्वारा कल दिनांक 24 सिंतम्बर 2025 को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर लूटा हुआ मशरुका बरामद किया गया। उक्त कार्रवाई के अंतर्गत आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके गिरोह का पर्दाफाश किया गया। गिरफ्तार किए गए । पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त पुलिस टीम को नगद इनाम से पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।


नवभारत

झाबुआ में अखबार, विज्ञापन व समाचार हेतु संपर्क करें:

बाली न्यूज एजेंसी

(लक्की शर्मा झाबुआ जिला ब्यूरो)

मो. न.- 6260765562, 7470402906

कार्यालय -राजवाडा ( झाबुआ )






## नवदुर्गा महोत्सव में एक साथ गरबों पर थिरके हजारों कदम, चारों ओर श्रद्धालुओं का हुजुम

**मेघनगर।** एक साथ गरबों पर थिरकते हजारों कदम, चारों ओर श्रद्धालुओं का हुजुम, भारत की धार्मिक संस्कृति को एक-रंग देते रंग बिरंगे परिधान, भव्य व्यवस्थाओं के बावजुद छोटा पड़ता आयोजन स्थल और पुरे पांडाल में खचाखच भीड यह दृश्य इन दिनों प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल फुटतालाब पर आम हो गए है। थने चार चार बंगला वाली गाडी लई दू गरबे पर नवरात्रि के तीसरे दिन फुटतालाब में आस्थाएँ थिरकती हुई दिखाई दी ।

श्रीवनेश्वर मारुति नंदन हनुमान मंदिर नवरात्रि महोत्सव समिति के वरिष्ठ सदस्य और जनप्रिय समाजसेवी सुरेश चंद्र पूरणमल जैन और राजेश रिंकू जैन ने बताया कि माँ के दर्शनों के लिए दूर-दूर से माँ के भक्त फुटतलाव पहुँच रहे हैँ.... माँ की महाआरती और उसके बाद माँ की स्तुति में किए जा रहे हैं गरबो को खेलने और देखने के लिए भी भीड जिले के साथ-साथ प्रदेश के कई जिलों से यहाँ पहुँच रही है द्य फुटतालाब आयोजन में आने वालों का तांता लग रहा है मुख्य सडक पूरी तरह वाहनों की लंबी कतारों से सजी दिखाई दे रही है । माँ की महाआरती में भी भारी भीड आ रही हैँ....आयोजन को देखने के लिए गुजरात राजस्थान और प्रदेश के कई जिलों से लोग पहुँच रहे है द्य मंदिर में विराजित श्रीरामभक्त हनुमान जी की जीवंत प्रतिमा के दर्शनों के लिएँ भी लोग लगातार आ रहे है द्य लोग आयोजन को सकारात्मक हिंदुत्व और सनातन से गहरे स्वरूप से जुडे होने पर श्री जैन को बधाई भी दे रहे है । गरबो को लेकर आम लोगो मे भी भरपूर उत्साह दिखाई दे रहा है द्य माँ की महा आरती में विशेष रूप से झाबुआ के अंकुरम इंटरनेशनल स्कूल के प्रमुख डॉक्टर लोकेश दवे और डॉक्टर चारुलाता दवे भी पहुँचे उन्होंने श्री जैन और परिवार के साथ मां की महा आरती में सहभागिता की द्य मेघनगर थांदला के साथ ग्रामीण अंचलों से पहुँचे श्रद्धालुओं ने भी गरबा कर आयोजन को विशेष आस्था का केंद्र बना दिया है द्य पुलिस प्रशासन की कडी सुरक्षा के बीच देर रात तक गरबो को खेलते लोग माँ की भक्ति में डूबे दिखाई दे रहे है वही आयोजन को श्रेष्ठ संयोजन और धार्मिक ऊँचाईयो पर ले जाने के लिएँ समाजसेवी श्री सुरेश चंद्र पूरणमल जैन राजेश रिंकू जैन , सीमा सुरेश जैन , नीता रिंकू जैन और जैकी जैन के साथ परिवार मंदिर के महंत श्री दिलीपदास जी महाराज और समिति सदस्यों की प्रशंसा करते हुए दिखाई दे रहे हैँ....

## एसडीएम की अध्यक्षता में संदीपनी विद्यालय में बैठक

**पेटलावद** .सी एम राइस ( सांदीपनि विद्यालय )के नवीन ऑडिटोरियम हॉल पेटलावद में जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र सिंह चौहान के निर्देशानुसार एवं अनु विभागीय अधिकारी राजस्व पेटलावद तनुश्री मीना के मार्गदर्शन और अध्यक्षता में पीएम पोषण अंतर्गत ब्लॉक पेटलावद के समस्त समूह के अध्यक्ष और सचिव, संस्था प्रमुख की बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलित कर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक रेखा गिरि द्वारा स्वागत भाषण और कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करवाया गया, एसडीएम तनु श्री मीना द्वारा उद्बोधन में कहां गया कि समस्त समूह नियमानुसार कार्य संपादित करेंगे, बच्चों को नियमित पोषण युक्त और मीनू अनुसार भोजन प्रदान करेंगे, भंडार क्रय नियम का पालन करते हुए भोजन बनाने के बर्तन सामग्री करेंगे। भोजन बनाते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखेंगे।

जिले से टास्क मैनेजर दीपा रावत मेम, एमडीएम प्रभारी रमेश भूरिया द्वारा बैठक में समूह को आवश्यकता अनुसार बर्तन क्रय करने और समस्त रिकार्ड रखने और भोपाल से प्राप्त निर्देशों के बारे में बताया गया।

खाद्य और ओषधी निरीक्षक राहुल अलावा द्वारा खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, सेम्पल की जाँच के बारे में बताया गया। बैठक में 289 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के संस्था प्रमुख और समूह के अध्यक्ष सचिव शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन मोहन सोलंकी पूर्व बीएसी द्वारा किया गया, अमलावार राजेश पाटीदार और जन शिक्षक शंकर मेहसन, समूह के अध्यक्ष द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत खंड स्त्रोत समन्वयक रेखा गिरि द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में जनपद शिक्षा केंद्र के समस्त जन शिक्षक साथी, कार्यालय स्टाफ, प्राचार्य सी एम राइस पूरालाल चौहान, एमडीएम प्रभारी का सराहनीय योगदान रहा।



## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन 5 अक्टूबर को

**झाबुआ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा इस वर्ष अपना शताब्दी वर्ष बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। शताब्दी वर्ष निमित्त शहर में नए घोष वाद्यों का पूजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ आरएसएस के संघचालक मानसिंह भूरिया एवं प्रेमअदीपसिंह पंवार द्वारा किया गया। स्वयंसेवकों ने विधि.विधान से पूजन कर घोष वाद्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शहर के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नए घोष वाद्यों के साथ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में ऊर्जा और भव्यता ओर भी बढ़ेगी। संघ के शताब्दी वर्ष के पहले कार्यक्रम में विजयादशमी उत्सव के उपलक्ष में झाबुआ शहर का भव्य पथ संचलन निकलेगा। जिसमें आरएसएस द्वारा प्रत्येक हिन्दू परिवार से शामिल होने का आग्रह किया जा रहा है। यह पथ संचलन 5 अक्टूबर को शाम 5ण30 बजे से कॉलेज मैदान से आरंभ होगाए जिसको लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है।

## बिजासन मंदिर के पास युवक की संदिग्ध मौत

**इंदौर.** एरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित बिजासन मंदिर के पास एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान दीपक के रूप में हुई है, जो लोडिंग वाहन चलाने का काम करता था. परिजनों ने पुलिस को बताया कि दीपक रविवार रात रोजाना की तरह काम पर निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा. तलाश के दौरान सोमवार तड़के सूचना मिली कि बिजासन मंदिर के पास उसका शव पड़ा हुआ है.

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची. प्रारंभिक जांच में दीपक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं. एरोड्रम थाना प्रभारी वरुण सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू की. परिजनों का कहना है कि दीपक की हत्या की गई है, मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा. एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया, एफएसएल टीम को भी बुलाया है. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि दीपक के साथ आखिरी बार कौन लोग थे .



## भाजपा के नवनियुक्त जिला मंत्री दीपेश सखलेचा का भव्य स्वागत समारोह आयोजित

**झाबुआ।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री बनाए जाने पर दीपेश सखलेचा् का राजगढ़ नाका मित्र मंडल द्वारा भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। यह गरिमामय कार्यक्रम स्थानीय सांसद कार्यालय परिसर में संपन्न हुआए जिसमें मित्र मंडल के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान मित्र मंडल के सदस्यों ने दीपेश सखलेचा का पुष्पहारों से स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने जिला संगठन एवं प्रदेश भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त कियाए जिन्होंने दीपेश सखलेचा को जिला मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व के लिए चुना।

कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण रहा। वक्ताओं ने दीपेश सखलेचा के नेतृत्व क्षमताओं की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि उनके कार्यकाल में संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिले।

## रामा में छात्र-छात्राओं को साइकिल एवं स्कूटी वितरण कर कैबिनेट मंत्री ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**झाबुआए 25 सितम्बर 2025। कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में आज रामा में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साइकिल एवं स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरानुसार मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री ने विद्यालय प्रांगण में उपस्थित छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य बेटियों की शिक्षा को सशक्त बनाना है। बेटियों को विद्यालय तक सुगम आवागमन की सुविधा मिलेए इसके लिए साइकिल का लाभ दिया जा रहा है। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप स्कूटी प्रदाय की जा रही हैए जिससे वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को पूरा कर सकें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चों में अपार प्रतिभा होती हैए आवश्यकता है उन्हें अवसर और साधन उपलब्ध कराने की। उन्होंने छात्र.छात्राओं को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पढ़ाई.लिखाई ही जीवन को दिशा देती है और समाज व देश के निर्माण की आधारशिला होती है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामा की कक्षा 6 एवं कक्षा 9 की छात्राओं को 75 साइकिलें वितरित की गई। साथ ही कुण् आशा देवल एवं कुण् पूजा पनदा को स्कूटी भेंट की गई। इसी प्रकार शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामा के 78 छात्र.छात्राओं को साइकिल और छात्र अजय रमेश मेड़ा को स्कूटी प्रदाय की गई।

कार्यक्रम के उपरांत कैबिनेट मंत्री सुश्री भूरिया ने विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी स्टाफ एवं छात्र.छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएँए शिक्षकगणए जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**एक नजर** | दो बच्चों का चल रहा जिला चिकित्सालय में उपचार

## बीमारी को ठीक करने के एवज में मासूमों के सीने पर लोहे के सरिए से दागा

### एक की गंभीर स्थिति से किया दाहोद रैफर

**झाबुआ। अंधविश्वास का खेला ऐसा है जो किसी को भी अपने वश में कर देता है। कुछ ऐसा ही अंधविश्वास झाबुआ जिले के ग्रामीण जनता के साथ ढोंगी बाबाओ का गौरखधंधा चल रहा है जिसमें तीन मासूम को निमोनिया जैसी खतरनाक बिमारी से बचाव के एवज में उनके सीने पर गर्म सलाखों से दाग दिया गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ढोंगी तांत्रिक द्वारा तीन करवड ग्रामीण मासूम बच्चों को निमोनिया बिमारी से बचाने के लिए उनके सीने पर गर्म सलाखो से दाग दिया गया। तीनों बच्चे विगत कई दिनो से बिमार थे और उनकी हालात मे कोई सुधार नही हो पा रहा था। ऐसे मे परिजन अस्पताल ले जाने की बजाए गुजरात के कतवारा क्षेत्र के किसी तांत्रिक के पास लेकर गए जहां उसने तीनो बच्चों को लोहे की गर्म सलाखो से सीने पर निशान लगाया। वही



जब बच्चो की हालत नही सूधरी तो परिजन उन्हे जिला अस्पताल झाबुआ लेकर आए। इनमे से एक बच्चे की स्थिति गंभीर होने से उसे दाहोद रैफर किया गया है वही दो बच्चो की स्थिति अभी नियंत्रण मे है। जिला अस्पताल प्रशासन के द्वारा इस तरह के ढोंगी तांत्रिक के खिलाफपुलिस मे शिकायत दर्ज करवाई गई है। वही परिजन भी प्रशासन से डरे हुए है वही उनके द्वारा गुहार लगाई जा रही है कि उनके खिलाफ

इस पर से जिला चिकित्सालय मे पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप चोपडा ने बताया कि आए दिन हमारे यहा निमोनिया के मरी आते है। वही अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र से ज्यादातार होते है। इनमे पिटोलए राणापुर आदि क्षेत्रो से ग्र्रमीण बच्चो को गर्म सलाखो से दागे हुए आते है। वर्तमान मे तीन बच्चे आए थे उनमे से एक बच्चे को तकलिफज्यादा होने से उसे रैफर किया गया है। वही दो बच्चो की स्थिति सामान्य बनी है। इसके पहले भी कई बार हमारे पास ऐसे दागे हुए बच्चे आए थे जिस पर से पूर्व मे भी पुलिस को सूचना दी गई थी और उन पर कार्यवाही भी हुई है। हमारा सभी से ये अपील है कि जो बिमारी है उसकी पुरी जांच करवाए नजदिकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है वहा नही हो पाता है तो जिला अस्पताल लेकर आए जहा पर सुव्यवस्थित ईलाज बच्चो को मिल सके और ढोंगी तांत्रिक बाबाओ पर भरोसा ना करे।